# रोटरी मंडलाध्यक्ष ने किया लब का आधिकारिक दौरा

## रोटरी के हर सदस्य की वजह से विश्व से पोलियो हुआ खत्म : अरुण मोंगिया




**तेजयुग न्यूज/नरेश गर्ग**

**लाडवा :** शहर की अंतरराष्ट्रीय सामजिक संस्था रोटरी क्लब का रोटरी मंडलाध्यक्ष ने आधिकारिक दौरा किया। प्रोजेक्ट चेयरमैन अमित सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी मंडल 3080 के मंडलाध्यक्ष अरुण मोंगिया अपने आधिकारिक दौरे के दौरान मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं सहायक मंडलाध्यक्ष डॉ नीरज मित्तल और मंडल महासचिव संदीप जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह का शुभारम्भ अतिथियों व क्लब पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

क्लब प्रधान अंकुर गुप्ता ने आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया और क्लब सचिव इशांत गोयल ने पुरे वर्ष रोटरी द्वारा किये गए कार्यों का उल्लेख किया। समारोह में क्लब की सदस्यता ग्रहण करने वाले 2 नए सदस्यों अंकित बन व अमन चोपड़ा को मंडलाध्यक्ष द्वारा रोटरी पिन लगाकर सदस्यता ग्रहण कराई गई। क्लब के पूर्व प्रधान राकेश खुराना द्वारा मुख्यातिथि का परिचय पढ़ा गया। मुख्यातिथि रोटरी मंडलाध्यक्ष अरुण मोंगिया ने सम्बोधित करते हुए कहा कि रोटरी 119 वर्ष पुरानी संस्था है जिसने विश्व से पोलियो को समाप्त करने का काम किया है और ऐसा रोटरी के हर सदस्य की मेहनत व जनून से सम्भव हुआ है।

उन्होंने रोटरी लाडवा द्वारा किये गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि रोटरी द्वारा अस्पतालों में चलाया जा रहा टिफ़िन प्रोजेक्ट व जरूरतमंद कन्यायों की शादियों में सहयोग करना अपने आप में उत्तम समाजसेवा का उदाहरण है। क्लब द्वारा मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं मौके पर विकास सिंघल, दुर्गेश गोयल, सुनील गर्ग, संजीव जिंदल, नरेश गर्ग, नरेन्द्र सिंघल, पवनीष गोयल, अनुभव गर्ग, हरनेक सिंह, अमित कंसल, रविकांत गिरधर, दीपक बंसल, राजेश वर्मा, सुमीत गर्ग, शुभम गोयल, ऋषभ सिंघल, डॉ विवेक ललित, चारु मोंगिया, डॉ शाइना मित्तल, स्वाति गुप्ता, सीमा सिंघल, करुणा गुप्ता, रीमा गर्ग, शिवानी वर्मा, नीरू गोयल, उर्वशी गर्ग, हेमंत सैनी, पंकज कंबोज, अंजली गोयल व शिवानी सिंघल सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# ट्रेन से कटकर दो लोगों की मौत

**छपरा :** बिहार में सारण जिले के पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा जंक्शन - मांझी रेलखंड पर अलग-अलग घटनाओं में एक महिला समेत दो लोगों की ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। छपरा जंक्शन राजकीय रेल थाना पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छपरा- मांझी रेलखंड के मांझी स्टेशन के समीप ट्रेन से कटकर 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गयी। वहीं दूसरी घटना में छपरा जंक्शन के पश्चिम रेलवे गुमटी संख्या 50-51 के मध्य में ट्रेन से कटकर एक महिला की मौत हो गयी। मृतक महिला की उम्र करीब 65 वर्ष है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया गया।

# हमें भगवान की पूजा अर्चना कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए : संदीप गर्ग

**तेजयुग न्यूज/नरेश गर्ग**

**लाडवा :** शहर के वार्ड नंबर 13 रविदास नगर में स्थित श्री सिद्ध बाबा की समाध पर रविवार को 12वें विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने शीश झुकाकर बाबा की पूजा अर्चना की, व भंडारे की शुरुआत करवाई।

समाध के सेवक इमना कटारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 12 वर्षों से श्री सिद्ध बाबा की समाज पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि उसी कड़ी में रविवार को भी सिद्ध बाबा की समाध पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं मौके पर पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि इस



प्रकार के आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए और हमें भगवान की पूजा अर्चना कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए। इससे पूर्व उन्होंने सिद्ध बाबा की समाज पर पूजा अर्चना की। वहीं भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा की समाध पर पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया।

श्रद्धालुओं द्वारा कढ़ी चावल व हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। वहीं मौके पर सेवकों द्वारा संदीप गर्ग को पटका पहनकर सम्मानित भी किया। वहीं मौके पर घनश्याम कम्बोज, संजीव कुमार, हरीश कुमार, रवि कुमार, काकू, बोबी, जैकी, हैप्पी, विक्की, रमेश चंद, रविंद्र कुमार, कपिल कुमार, जितेंद्र कटारिया, कमल, प्रेमो रानी, सरोज बाला, गेजो रानी, दर्शना, सुषमा, सुनीता, ममता, रिंकी, राजबाला सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।

# गांव बड़ौंदा में प्राचीन नाहरसिंह देवता के मंदिर में लगे मेले में दूसरी दिन भी लगी श्रद्धालुओं की भीड़





**तेजयुग न्यूज/नरेश गर्ग**

**लाडवा :** लाडवा के गांव बड़ौदा में प्राचीन नाहरसिंह देवता के मंदिर परिसर पर दूसरे दिन मेले में लोगों ने जाकर भगवान नाहरसिंह की समाधि पर माथा टेका।

नाहरसिंह देवता देवता नाहर सिंह मंदिर के पुजारी लीला राम ने कहा कि हर वर्ष यह दो दिवसीय मेला भरता है। जहां पर लाडवा क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के गांवों में हरियाणा व पंजाब सहित अनेक राज्यों से श्रद्धालु आकर बाबा के दर्शन करते हैं और अपनी मनोकामना मांगते हैं। वहीं जिन श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण हो जाती है, वह मेले के अवसर पर आकर बाबा की बूम्बी पर दूध व दही से उनका भोग लगाते हैं। उन्होंने कहा कि यह पिछले कई वर्षों से लगातार दो दिवसीय मेला चल रहा है और इस मंदिर में जो भगवान नाहर सिंह देवता की बूम्बी बनी हुई है, उसकी मान्यता है कि श्रद्धालु जितना भी इस बुम्बी के अंदर दूध डालते है।

वह अंदर ही चला जाता और यह कभी भरती नहीं हैं। वहीं रविवार को मेले के दूसरे दिन मंदिर परिसर में भगवान नाहरसिंह की बुम्बी पर दूध चढाकर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर पर माथा टेका। वही खेल खिलौनों वे चाट पकौड़ी के साथ लोगों ने मेले का खूब आनंद उठाया।

# सरकारी आदेशों पर नगरपालिका प्रशासन ने उतारे सभी राजनीतिक पार्टियों व नेताओं के फ्लैक्स बोर्ड



**तेजयुग न्यूज/नरेश गर्ग**

**लाडवा :** रविवार को लाडवा नगर पालिका प्रशासन द्वारा देश भर में लोकसभा चुनाव होने व आचार संहिता लगने के कारण शहर में लगे सभी पार्टियों के नेताओं के फ्लेक्स बोर्ड उतारने का काम किया गया। लाडवा एस डी एम नसीब कुमार ने कहा कि शनिवार से पूरे देश भर में आचार संहिता लग गई थी, जिसके चलते रविवार सुबह नपा सफाई कर्मचारियों द्वारा पूरे शहर में आसपास के क्षेत्र से शहर में जितने भी सभी राजनीतिक पार्टियों के फ्लेक्स बोर्ड लगे हुए थे।

उन्हें उतार लिया गया है और अब जब तक चुनाव संपन्न नहीं होता, किसी भी नेता या किसी भी राजनीतिक पार्टी का फ्लेक्स बोर्ड शहर में कहीं भी नहीं लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा जो भी स्थान प्रत्याशियों को निर्धारित किए जाएंगे, सिर्फ राजनीतिक पार्टी व प्रत्याशी के फ्लेक्स सिर्फ उन्हीं स्थानों पर लगाए जाएंगे और जो कोई इस बात की पालना नहीं करेगा उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

# मेरी झोंपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे...



**तेजयुग न्यूज**

**मथुरा।** श्रीकृष्णार्पण सेवा समिति द्वारा शनिवार को मसानी बाईपास लिंक रोड स्थित होटल ड्यूक पैलेस में बाबा श्री खाटू श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश व मुज्जफरनगर से आए प्रसिद्ध कलाकारों के मधुर-मधुर भजनों पर श्रद्धालु देर रात्रि तक झूमते रहे। फूलों की होली व ब्रज की लठामार होली श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान अपने आराध्य की छवि को श्रद्धालु अपलक निहारते रहे।

▸▸ भोपाल व मुजफ्फरनगर के कलाकारों ने दीं प्रस्तुतियां, जमकर बटोरी तालियां

▸▸ श्रीकृष्णार्पण सेवा समिति द्वारा आयोजित किया गया फाग महोत्सव

▸▸ भक्तों पर हुई इत्र व पुष्प वर्षा, सजाया गया छप्पन भोग, देर रात्रि तक झूमे श्रद्धालु

शाम छह बजे से आयोजित की गई इस भजन संध्या में भक्तों पर जमकर पुष्प व इत्र वर्षा की गई। मंच के समीप ही मां कैला देवी, मेंहदीपुर बालाजी व सालासर बालाजी का भी दरबार भक्तों द्वारा सजाया गया था। इस दौरान बाबा खाटू श्याम को छप्पन भोग भी अर्पित किए गए। मध्यप्रदेश के भोपाल से आयीं कलाकार गुनगुन-गुंजन तिवारी सिस्टर्स, मुजफ्फरनगर से सोनू सांवरिया, राया से बंटू शर्मा, सोनम शर्मा, अश्वनी शर्मा व उनकी टीम ने राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी, मेरे केसरी के लाल, किशोरी कुछ ऐसा इंतजाम हो जाए, काली कमली वाला मेरा यार है, राधे-राधे जपो चले आएंगे बिहारी आदि मधुर भजनों पर देर रात्रि तक श्रद्धालुओं को सराबोर किया। विभिन्न वाद्य यंत्रों पर कलाकारों ने भी उनका बखूबी साथ दिया। इस दौरान समूचा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। कार्यक्रम में प्रस्तुत फूलों की होली व लठामार होली ने महोत्सव को कुछ क्षण के लिए द्वापर कालीन लीला में परिवर्तित कर दिया। श्रद्धालुओं ने वहां लगी स्टॉल्स पर कूपन के माध्यम से स्वल्पाहार की खूब खरीदारी भी की।

अंत में आयोजक जुगलकिशोर-रजनी तायल, नन्दकिशोर-उर्मिला अग्रवाल, पदम-शालिनी गोयल, सुनील-हर्षिता गोयल, डा. अंशुमन-श्वेता गोयल, जीतू-पायल अग्रवाल आदि ने बाबा खाटू श्याम की आरती उतारी। सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजकों द्वारा सभी आगन्तुकों का पटुका पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में राजेश-कृष्णा अग्रवाल, गौरव-गीता अग्रवाल, प्रवीण-गौरी बंसल, आशीष-पारुल अग्रवाल, कमल-मंजू गुप्ता, आशीष-सोनम अग्रवाल, अंकुर-रश्मि अग्रवाल, आशीष-तुलसी मित्तल, विशाल-अंजलि ठाकुर, पीयूष-पूजा अग्रवाल, चन्द्रभान-वरुणा गोला आदि मौजूद रहे।

# बेतिया राज के प्रधान सहायक गजेन्द्र महतो के लूट की जांच को

**बेतिया, पचं :** बेतिया राज बेतिया के प्रधान सहायक गजेन्द्र महतो समाहरणालय बेतिया से प्रतिनियुक्त हैं। विगत लगभग तीन चार वर्ष पूर्व उनकी प्रतिनियुक्ति जिला प्रशासन ने किया है। सूत्र बताते हैं कि श्री महतो अपने बेतिया राज कार्यालय के अधीनस्थ कर्मियों को मेल में लेकर अनैतिक कार्यों को अंजाम देकर लूट किया है। उपर्युक्त आरोप शाही कुमार राय राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ, पश्चिम चम्पारण ने अध्यक्ष सह राजस्व पर्षद को अवगत कराते हुए आवेदन में कहा है कि उदाहरण के तौर पर कुछ अनैतिक कार्य तथा लूट का विवरण प्रस्तुत किया है। जिसमें बताया गया है कि खेसरा नं. 5227 पर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल का निर्माण कार्य संचालित है। उपर्युक्त भूमि पर बेतिया राज, जिला पदाधिकारी के न्यायालय तथा पटना उच्च न्यायालय से मुकदमा हार चुका है। प्रधान सहायक ने इस भूमि को आफताब आलम सहित पन्द्रह अतिक्रमणकारियों को राज का रेन्ट रसीद 04.12.2023 को निर्गत कर दिया है, जबकि पटना हाई कोर्ट ने श्री साईं पेट्रोल पंप लम्बित मामला को लेकर राज ड्योडी मेला ग्राउंड बंदोबस्ती को छोड़ अन्य पर रोक लगा रखा है। राज पर्षद से इस भूमि पर रेन्ट रसीद निर्गत करने पर 1992 से रोक लगा रखा है। पूर्व में एकबार इस भूमि पर दुकानदारों को राज से रेन्ट रसीद निर्गत किया। राजस्व पर्षद ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए पत्रांक-3-20-16/955-1613 दिनांक 09.11.1995 के तत्कालीन व्यवस्थापक से इस सम्बंध में स्पष्टीकरण मांगा। उसके बाद से बेतिया राज के किसी भी व्यवस्थापक या कर्मी रेन्ट रसीद निर्गत करने का दुस्साहस नहीं किया। अलबत्ता बताया गया है कि श्री महतो ने दुस्साहस कर अनैतिक कृत्य से उनको लाखों रुपये की कमाई किय। परन्तु बिहार सरकार, मेडिकल प्रशासन के साथ बेतिया राज के नीतिगत संघर्ष होने की आशंका भी प्रबल हो गयी है। चर्चा है कि प्रत्येक दुकानदार से कम से कम डेढ़-डेढ़ लाख रुपये की काली कमाई की गयी है। इस सम्बंध में राज प्रबंधक पारिवारिक चिकित्सा के क्रम में बाहर हैं, जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी। जबकि एडीएम बेतिया ने बताया कि इस सम्बंध में जानकारी प्राप्त कर उपलब्ध कराई जाएगी।

# भाजपा सरकार में हो रहा क्षत्रिय समाज का शोषण : सिकरवार

## जातिगत आरक्षण समाप्ति, हर क्षत्रिय को एक शस्त्र रखने, आजादी से पूर्व की भांति राजपूत राज कायम करने की मांग की

**तेजयुग न्यूज**

**मथुरा।** ब्रज मंडल क्षत्रिय राजपूत सभा के वार्षिक अधिवेशन में क्षत्रिय समाज के लोग जमकर गरजे, भाजपा सरकार पर समाज के शोषण का आरोप लगाया, जातिगत आरक्षण समाप्त करने समेत तीन मांगो को पूरा करने की मांग की। ब्रजमंडल क्षत्रिय राजपूत सभा उत्तर प्रदेश का 92 वां वार्षिक अधिवेशन रविवार को चैतन्य विहार स्थित वृंदा धाम में किया गया। इसमें आसपास के जनपदों से सभा के पदाधिकारी एवं क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ लोगों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर मुकेश सिंह सिकरवार का सभा के



पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों का राल गाँव की सरदारी ने 51 किलो फूल माला से स्वागत किया एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया। अर्जुन सिंह / स्व. रमेश राजपूत नगला किकी को मथुरा ब्लॉक का अध्यक्ष बनाया। श्री सिकरवार ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला, उन्होंने कहा कि इस सरकार में सबसे ज्यादा शोषण क्षत्रिय समाज का हो रहा है। उन्होंने कहा कि समाज में समानता का भाव रखने के लिए जातिगत आरक्षण को समाप्त करना अति आवश्यक है।

उन्होंने सरकार से जातिगत आरक्षण समाप्त करने, हर क्षत्रिय को एक शस्त्र रखने की अनुमति प्रदान करने तथा आजादी से पूर्व की भांति राजपूत राज कायम करने की मांग की। संचालन अशोक राज सिंह एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर ठा. दिवाकर सिंह, डॉ जगदीश गौर, डॉ नेत्रपाल प्रधान, विनय सिंह राजपूत, हरेंद्र पाल सिंह, राजकुमार तोमर, जितेंद्र सिंह राणा, ओमप्रकाश दरोगा जी, अम्बरीश पुंढीर, ठा मोहर सिंह, देवेंद्र बीडीसी, विकास बीडीसी, खुसीराम , अटल सिंह( जिलाध्यक्ष,)थान सिंह (महामंत्री), विष्णु ठाकुर छोटू ठाकुर प्रहलाद फ़ौजी भरत सिंह ए डी सी राजेंद्र आचार्य , भूरी सिंह प्रधान , ओमप्रकाश , विजेंद्र पटेल ,आदि मौजूद रहे।

# अवधेश भार्गव आईएफडबल्यूजे का पुनः निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष बने

**पटना/अयोध्या:** आईएफडब्ल्यूजे पत्रकार संगठन पत्रकारों की श्रेष्ठतम संस्था है। आईएफडब्ल्यूजे की 140 वीं राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक श्रीराम की नगरी अयोध्या धाम में सम्पन्न हुई। आईएफडब्ल्यूजे की राष्ट्रीय अधिवेशन में भारत के 16 राज्य से 200 पत्रकार शामिल हुए।



जिन्होंने अवधेश भार्गव को निर्विरोध पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया। उनके नामांकन प्रस्ताव पर समवेत स्वर में समर्थन व्यक्त किया गया। पुनः अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किये जाने के बाद श्री भार्गव ने घोषणा किया कि आईएफडब्ल्यूजे का आसन्न अधिवेशन पड़ोसी राष्ट्र नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित किया जाएगा। उनकी घोषणात का सभागार में उपस्थित पत्रकार बंधुओं ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर पत्रकारों ने हर्ष व्यक्त किया।

### आचार संहिता लगते ही एक्टिव मोड में आया नगर प्रशासन

# पार्टियों और उम्मीदवारों के बैनर-पोस्टर को होर्डिंग्स से हटाने का सिलसिला शुरू



**तेजयुग न्यूज**

**सुगौली, पू.चः** लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। आचार संहिता लागू होते ही नगर प्रशासन एक्टिव मोड में आ गया है। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिए नगर क्षेत्रों में लगे पार्टियों और उम्मीदवारों के बैनर-पोस्टर को होर्डिंग्स से हटाने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसके साथ ही पार्टी और उम्मीदवारों को भी आचार संहिता को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए हैं। विभिन्न राजनीतिक दलो के द्धारा पोल तथा छतो तथा सडको पर लगाए गए झंडा,बैनर,पोस्टर आदि इत्यादि को हटया जा रहा है। इस बाबत नगर सहायक लोक स्वचछता प्रभारी मोइन अंसारी ने बताया की जिला प्रशासन तथा चुनाव आयोग्य द्वारा निषेधाज्ञा लागू होने के उपरांत आदेश के अनुपालन मे यह कार्रवाई की जा रही है।

गौरतलब हो कि स्टेशन चौक,बस स्टेण्ड चौक,बंगरा गुमटी,ओवरफ्लाई तथा नगर के मुख्य सड़क थाना चौक से बस स्टेशन चौक तक विभिन्न राजनीतिक दलों का बैनर पोस्ट होल्डिंग इत्यादि हटाया गया। श्री अंसारी ने बताया कि नगर पंचायत के जमदार शाहबाज रोशन सहित सात नगर कर्मियों को लगाया गया है। जेसीबी तथा ट्रैक्टर साथ में रखा गया है।

# गया में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के ओपन सेशन का आयोजन कल

**गया :** एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट का कल मंगलवार को शहर में अपने ओपन सेशन का आयोजन करने जा रहा है। एलन पटना के मेंटोर,



जोनल हेड एवं वाइस प्रसीडेंट डॉ.विपिन योगी ने बताया कि एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट बिहार के अधिकांश जिलों में ओपन सेशन आयोजित कर रहा है। गया में यह सेशन मंगलवार को नाइन टू नाइन बैंक्वेट हॉल, फोर्थ फ्लोर नियर एसएसपी कोठी, निकट आदित्य विजन, गया में दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। इस सेशन में एलन एक्सपर्ट विभिन्न विषयों पर अपनी बात रखेंगे। इसमें मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन एवं एडवांस्ड के एक्सपर्ट्स के साथ-साथ एलन सिस्टम, स्टूडेंट्स वेलफेयर, फैकल्टी ट्रेनिंग और एलन कोर्सेज के बारे में जानकारी दी जाएगी। ये सेशन्स बिहार में 21 मार्च तक होंगे।

# बिहार का यह शहर इंटरनेशनल सोना तस्करों का शेल्टर, म्यांमार की सिम से चलाते हैं मोबाइल

**तेजयुग न्यूज**

**अररिया:** अंतर्राष्ट्रीय सोना तस्करी गिरोह मामले में नित्य नए एवं दिलचस्प खुलासा हो रहे हैं। इस गिरोह के सक्रियता का आलम इसी से लगाया जा सकता है कि खेप ढोने वालों का मोबाइल जहां म्यांमार के सिम से चलता था वही गाड़ी में लगे डोंगल से वाईफाई मिलता था। खास बात यह है कि गुवाहाटी तथा दिल्ली के बीच अररिया को गिरोह ने पड़ाव बना रखा था। अब तो डीआरआई सहित विभिन्न एजेंसियां भी मान रही है कि जिस तरह से महज 7 दिनों के अंदर सौ किलो से ज्यादा सोना व करोड़ों रुपए नगद सहित 20 से ज्यादा वाहनों की जब्ती हुई है इससे इस तस्करी का संचालन किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय गिरोह द्वारा किए जाने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। वही इतने बड़े तस्करी और तस्कर गिरोह के साथ लोकल कनेक्शन तथा जगह के




करारनामा की दिशा को भी फीआराई की टीम ने खंगालनी शुरू कर दी है।डीआरआई अधिकारी सूत्रों की माने तो तस्करी मामले में गिरफ्तार तस्कर व चालक ने पूछताछ के दौरान खुलासा किया है कि उन लोगों का मोबाइल जब्त कर लिया जाता था और एक मोबाइल और डोंगल थमा दिया जाता था। उस मोबाइल में सभी डिजिट लॉक रहता था। डोंगल से सिर्फ एक ही नंबर पर वाईफाई के माध्यम से व्हाट्सएप कॉल होता था जो म्यांमार का होता था। म्यांमार के सिम से मोबाइल चलता था और डोंगल से वाईफाई मिलता था। मोबाइल में सिर्फ म्यांमार के एक नंबर पर ही व्हाट्सएप कॉल होता था। आधिकारिक जानकारी अनुसार म्यांमार में बैठकर गिरोह का किंग पीन ही पूरे तस्करी का संचालन करता था।